# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/1455/2026 दिनांक : 15/05/2026

सेवा में,

1. समस्त प्राचार्य/प्रबंधक, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय।

2. समस्त विभागाध्यक्ष, निदेशक, प्रभारी आवासीय इकाई।

**विषयः उ०प्र० शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिगत आवश्यक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1 उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या सी0एम0 58/सत्तर–1–2026 दिनांक 15 मई, 2026 एवं उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अर्द्धशासकीय पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि आयोग द्वारा प्रवक्ता (विज्ञापन संख्या–02/2022) की लिखित परीक्षा दिनांक 09 एवं 10 मई 2026 तथा प्रशिक्षित स्नातक (विज्ञापन संख्या–01/2022) की लिखित परीक्षा दिनांक 03 एवं 04 जून 2026 को विभिन्न जनपदों में आयोजित की जानी प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET)–2026 का आयोजन दिनांक 02, 03 एवं 04 जुलाई 2026 को प्रस्तावित है।

उक्त परीक्षाओं के सफल एवं निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत शासन स्तर से यह अपेक्षा की गयी है कि उक्त तिथियों पर विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तर की परीक्षाएँ आयोजित न की जाएँ तथा आवश्यकतानुसार शैक्षणिक अवकाश घोषित किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त तिथियों पर यदि आपके महाविद्यालय में किसी प्रकार की विश्वविद्यालय/संस्थान/महाविद्यालय स्तरीय परीक्षा प्रस्तावित हो तो उसे स्थगित/पुनर्निर्धारित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। साथ ही, यदि आपका महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र के रूप में नामित किया जाता है, तो आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें।

तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए अनुपालन से विश्वविद्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1 उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रभारी कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. परीक्षा नियंत्रक, डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
4. प्रवेश समन्वयक/सहायक नोडल अधिकारी–समर्थ।
5. उप–कुलसचिव – आवसीय इकाई/शैक्षिक विभाग।
6. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett

**संख्या-सी0एम0 58/सत्तर-1-2026**

**प्रेषक,**

**शकील अहमद सिददीकी,**
**संयुक्त सचिव,**
**उत्तर प्रदेश शासन।**

**सेवा में,**

**1- निदेशक,**
**उच्च शिक्षा, उ0प्र0,**
**प्रयागराज।**

**2- कुलसचिव,**
**समस्त राज्य विश्वविद्यालय,**
**उ0प्र0।**

**उच्च शिक्षा अनुभाग-1** **लखनऊः दिनांक 15 मई, 2026**

**विषयः- प्रवक्ता (विज्ञापन संख्या-02/2022), प्रशिक्षित स्नातक (विज्ञापन संख्या-1/2022) तथा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UP-TET) 2026 का आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कृपया संयुक्त सचिव, मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-जी-202/चौतीस-सी0एम0-1/2026 दिनांक 5-5-2026 के साथ संलग्न डॉ0 प्रशान्त कुमार, अध्यक्ष, उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग के पत्र संख्या-अर्द्ध0शा0 पत्रांक - शि0से0आयोग/-/परीक्षा/2026-27 दिनांक 27-4-2026 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2 - इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया संलग्न पत्र में की गयी अपेक्षानुसार प्रकरण के सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही की आख्या शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः यथोक्त**

भवदीय,

Digitally signed by
Shakil Ahmad Siddiqui
Date: 14-05-2026
15:49:29
(शकील अहमद सिद्दीकी)
संयुक्त सचिव

डॉ.प्रशान्त कुमार
आई.पी.एस., डी.लिट.
अध्यक्ष

JS(K)
30.04.26
(विशाल भारद्वाज)
वि.शेष सचिव, मुख्यमंत्री
उ0प्र0 शासन।

VS(VB)
30/4/26

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग
23, एलनगंज, प्रयागराज (उ.प्र.) 211 002
दूरभाष (0532) 2466841

सचिव (SS)

अर्द्ध0शा0 पत्रांकः–शि0से0आयोग/ /परीक्षा/2026–27
दिनांक 27.04.2026

प्रिय महोदय, 30/04/26.
(संजय प्रसाद)
अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री
उ0प्र0 शासन।

कृपया अवगत कराना है कि उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा प्रवक्ता(विज्ञापन संख्या–02/2022) की लिखित परीक्षा दिनांक 09 एवं 10 मई 2026 को 17 जनपदों(आगरा, अलीगढ, प्रयागराज, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, बाँदा, अयोध्या, गोरखपुर, झाँसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मीरजापुर, मुरादाबाद, सहारनपुर एवं वाराणसी) एवं प्रशिक्षित स्नातक(विज्ञापन संख्या–01/2022) की लिखित परीक्षा दिनांक 03 व 04 जून 2026 को 36 जनपदों(आगरा, मथुरा, अलीगढ, कासगंज, अयोध्या, सुलतानपुर, आजमगढ, मऊ, बरेली, बदायूँ, बस्ती, संतकबीरनगर, बाँदा, चित्रकूट, देवीपाटन, बहराइच, गोरखपुर, देवरिया, झाँसी, जालौन, कानपुर नगर, कानपुर देहात, लखनऊ, रायबरेली, मेरठ, गाजियाबाद, मिर्जापुर, भदोही(संतरविदासनगर), मुरादाबाद, अमरोहा, प्रयागराज, प्रतापगढ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, वाराणसी एवं जौनपुर) के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा अपरान्ह 02:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित की जायेगी, जिसमें क्रमशः 464605 एवं 868531 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा तथा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा(UP-TET) 2026 दिनांक 02, 03 व 04 जुलाई 2026 को नियत है जिसमें प्रदेश के सभी 75 जनपदों में परीक्षा केन्द्र बनाया जाना प्रस्तावित है।

SOC-1
30/04/26

2– अतः अनुरोध है कि कृपया अपने स्तर से विभिन्न भर्ती संस्थाओं से यह अनुरोध करने/परामर्श देने का कष्ट करें कि उनके द्वारा दिनांक 09 एवं 10 मई 2026, दिनांक 03 व 04 जून 2026 तथा दिनांक 02, 03 व 04 जुलाई 2026 को कोई प्रतियोगितात्मक परीक्षा आयोजित न की जाय। इसके साथ यह भी निवेदित है कि कृपया अपने स्तर से विभिन्न विभागों यथा उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा आदि को भी निर्देशित करने का कष्ट करें कि वह भी दिनांक 09 एवं 10 मई 2026, दिनांक 03 व 04 जून 2026 तथा दिनांक 02, 03 व 04 जुलाई 2026 को कोई विश्वविद्यालय/संस्थान/विद्यालय स्तरीय परीक्षा आयोजित न करें।

3– चूंकि दिनांक 09 मई 2026(शनिवार), दिनांक 03 व 04 जून 2026 (बुधवार व गुरूवार) तथा दिनांक 02, 03 व 04 जुलाई 2026(गुरूवार, शुकवार व शनिवार) को सार्वजनिक अवकाश नहीं है अतः अनुरोध है कि जिन प्रस्तावित परीक्षा जनपदों/केन्द्रों पर प्रवक्ता(विज्ञापन संख्या–02/2022), प्रशिक्षित स्नातक(विज्ञापन संख्या–01/2022) तथा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा(UP-TET) 2026 की परीक्षा आयोजित करायी जा रही है वहां पर विद्यालय/संस्था के छात्रों के लिये उस दिन का शैक्षणिक अवकाश भी घोषित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें, ताकि प्रवक्ता(विज्ञापन संख्या–02/2022), प्रशिक्षित स्नातक(विज्ञापन

संख्या–01/2022) तथा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा(UP-TET) 2026 का आयोजन निर्विघ्न रूप से कराया जा सके।

(डॉ0 प्रशान्त कुमार)

श्री एस0पी0 गोयल
आई0ए0एस0
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन,
लखनऊ।

अर्द्ध0शा0 पृष्ठांकन संख्या:–शि0से0आयोग/464/परीक्षा/2026–27 तद्दिनांक

महोदय,

उपरोक्त की एक प्रति आपको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

27.4.26

(डॉ0 प्रशान्त कुमार)

श्री संजय प्रसाद
आई0ए0एस0
अपर मुख्य सचिव,
मा0 मुख्यमंत्री,
लखनऊ।

उपरोक्त की एक प्रति आपको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

(डॉ0 प्रशान्त कुमार)

श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा
आई0ए0एस0
अपर मुख्य सचिव,
माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

उपरोक्त की एक प्रति आपको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

(डॉ0 प्रशान्त कुमार)

श्री एम0पी0 अग्रवाल
आई0ए0एस0
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन,
लखनऊ।